Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : खण्ड – 'अ' – 3 + खण्ड – 'ब' – 3
Total No. of Questions : Section – 'A' – 3 + Section – 'B' – 3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of Printed Pages : 7

# M/2026-GS-II

## सामान्य अध्ययन
## GENERAL STUDIES

## द्वितीय प्रश्न–पत्र
## SECOND PAPER

समय : 03 घंटे]
Time : 03 Hours]

[पूर्णांक : 300 (खण्ड – 'अ' 150 अंक + खण्ड – 'ब' 150 अंक)
[Total Marks : 300 (Section – 'A' 150 Marks + Section – 'B' 150 Marks)

### SECTION – A / खण्ड – अ

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **15** अतिलघुत्तरीय उप–प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है ।

Que. : 1. This question contains **15** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks. **(15×2=30)**

प्रश्न: (1.1) भारतीय संविधान में प्रयुक्त शब्द ''पंथ निरपेक्षता' का क्या अर्थ है ?
What is the meaning of the word 'Secularism' used in Indian Constitution ?

प्रश्न : (1.2) भारतीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी की जा सकने वाली समादेश (रिट) कौन–सी हैं ?
Which are the writs that can be used by the Supreme Court of India ?

प्रश्न : (1.3) राज्य सभा के दो विशेषाधिकार कौन–से हैं जो लोक सभा को नहीं प्राप्त हैं ?
Which are the two special powers of the Rajya Sabha that are not possessed by the Lok Sabha ?

प्रश्न : (1.4) भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक से सम्बन्धित संविधान के अनुच्छेद 148(1) के दो मुख्य बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए ।

Mention two key points from the article 148(1) of the Constitution related to the Comptroller and Auditor General of India.

प्रश्न : (1.5) 'जन आंदोलन' का क्या अर्थ है ?
What is the meaning of 'Mass Movement' ?

प्रश्न : (1.6) संघ लोक सेवा आयोग के चार मुख्य कार्य क्या है ?
What are the four major functions of the Union Public Service Commission ?

प्रश्न : (1.7) 'जनोत्प्रेरक' (डेमोगॉग) किसे कहते हैं ?
Who is known as a 'Demagogue' ?

प्रश्न : (1.8) 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की स्थापना कब हुई और इसका मुख्य उद्देश्य क्या है ?
When was 'Amnesty International' founded and what is its main objectives ?

प्रश्न : (1.9) दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार मनुष्य के चार संगठित पक्ष क्या हैं ?
According to Deendayal Upadhyaya, what are the four integrated aspects of human being ?

प्रश्न : (1.10) मध्यप्रदेश में विभाजन (2000) के पूर्व विधान सभा सदस्य संख्या, लोक सभा सदस्य संख्या, संभागों की संख्या तथा जिलों की कुल संख्या कितनी थी ?
Before the bifurcation of Madhya Pradesh in 2000 what were the total number of Legislative Assembly Seats, Lok Sabha Seats, Divisions and Districts in the State.

प्रश्न : (1.11) मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष के चार प्रमुख कार्य बताइए ।
Mention four main functions of Speaker of Madhya Pradesh Legislative Assembly.

प्रश्न : (1.12) सूचना का अधिकार कानून क्या है ? इसका उद्देश्य बताइए ।
What is Right to Information Act ? Mention its objectives.

प्रश्न : (1.13) मध्यप्रदेश सचिवालय के चार प्रमुख कार्य बताइए ।
Mention four main functions of Madhya Pradesh Secretariat.

प्रश्न : (1.14) जिला योजना समिति के दो प्रमुख कार्य क्या हैं ?
What are the two main functions of the Jila Yojna Samiti ?

प्रश्न : (1.15) 'पैसा (PESA) एक्ट' के तहत शांति एवं विवाद निवारण समिति का गठन कैसे किया जाता है ?
How is the Peace and Dispute Resolution Committee constituted under the 'PESA Act' ?

2. इस प्रश्न में 10 लघुत्तरीय उप-प्रश्न है । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है ।

**(10×7=70)**

2. This question contains **10** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न : (2.1) 'विधि के समक्ष समानता के अपवाद' को बताए ।
Explain the Exception of 'Equality before the law'.

प्रश्न : (2.2) 'कोलिजियम प्रणाली' की संक्षेप में व्याख्या करें ।
Explain briefly about the 'Collegium System'.

प्रश्न : (2.3) भारत में राष्ट्रीय दल का दर्जा प्रदान करने के क्या मापदण्ड है ?
What is the criteria to get National Party Status in India ?

प्रश्न : (2.4) नागरिक समाज एवं इसके छः आधारभूत लक्षणों की व्याख्या करें ।
Explain civil society and its six core characteristics.

प्रश्न : (2.5) एक जन आंदोलन के रूप में 'चिल्का बचाओ आंदोलन' की विवेचना कीजिए ।
Discuss the 'Chilika Bachao Andolan' as a mass movement.

प्रश्न : (2.6) मीडिया द्वारा सरकार को जवाबदेह बनाने के क्या तरीके और उपाय हो सकते हैं ?
What can be the ways and means to hold the Government accountable by the media ?

प्रश्न : (2.7) "राज्यपाल की नियुक्ति एवं पदावधि" समझाइये ।
Explain "The appointment and term of office of Governor".

प्रश्न : (2.8) "राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की संरचना" का वर्णन कीजिए ।
Describe the "Composition of National Human Rights Commission".

प्रश्न : (2.9) मध्यप्रदेश में जिलाधिकारी के कार्य बोझ को कम करने के लिए कौन-से उपाय किये जा सकते हैं ?
What measures can be taken to reduce the work load of the District Collector in Madhya Pradesh ?

प्रश्न : (2.10) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-ज के अन्तर्गत पंचायतों को कौन-से कार्य सौंपे गये हैं ?
What functions have been entrusted to Panchayats under Article 243-J of the Indian Constitution ?

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में 05 दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **10** (**दस**) अंकों का है । **(5×10=50)**

Que. : 3. This question contains **05** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **10** (**ten**) marks.

प्रश्न : (3.1) भारतीय संविधान में विभिन्न देशों के संविधानों से क्या प्रावधान शामिल किये गए हैं ? विस्तार से वर्णन कीजिए ।
What provisions have been included in the Indian Constitution from the Constitutions of different countries ? Describe in detail.

**अथवा**/OR

"केन्द्र एवं राज्य दोनों की सरकारों को एक दूसरे से बृहत सी शिकायते हैं", स्पष्ट कीजिए एवं शिकायतों के समाधान सुझाये ।
"Both the Central and State Governments have many complaints against each other", clarify and give suggestions to grievance redressal.

प्रश्न : (3.2) चुनाव आचार संहिता से क्या तात्पर्य है ? इसके मुख्य उद्देश्य समझाइए तथा प्रावधानों का विवेचना कीजिए ।
What is meant by the election code of conduct ? State its main objectives and discuss its provisions.

**अथवा**/OR

भारतीय राजनीति में जाति की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । क्या यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छी या बुरी है ?
Critically examine the role of caste in Indian politics. Is it good or bad for Indian democracy ?

प्रश्न : (3.3) मीडिया का अर्थ एवं विशेषताएं बताइए तथा मीडिया की चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए ।
Discuss the meaning and characteristics of media and explain its challenges.

**अथवा**/OR

जयप्रकाश नारायण की 'सपूर्ण क्रांति' की अवधारणा की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए तथा इसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों की चर्चा कीजिए ।
Critically explain the concept of Jai Prakash Narayan's 'Total Revolution' and mention the positive and negative outcomes of the 'Total Revolution'.

प्रश्न : (3.4) मध्यप्रदेश उच्च न्यायलय की शक्तियों का वर्णन कीजिए एवं पिछले एक दशक के महत्त्वपूर्ण निर्णयों की चर्चा कीजिए ।
Describe the powers of Madhya Pradesh High Court and discuss the important Judgements of the last one decade.

**अथवा**/OR

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन, कार्य एवं शक्तियों का वर्णन कीजिए ।
Describe the constitution, functions and powers of the Madhya Pradesh State Scheduled Tribes Commission.

प्रश्न : (3.5) पैसा एक्ट (PESA Act) क्या है ? मध्यप्रदेश में जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों की तस्वीर इस एक्ट से कैसे बदल सकती है ?
What is the PESA Act ? How can this Act change the picture of tribal dominated areas in Madhya Pradesh ?

**अथवा**/OR

'स्वर्णिम मध्यप्रदेश' के निर्माण का संकल्प क्या है तथा सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को इंगित करें ?
What is the resolution for the creation of a 'Swarnim Madhya Pradesh' and indicate the efforts made by the Government ?

## SECTION – B/ खण्ड – ब

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **15** अतिलघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **20** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है । **(15×2=30)**

Que. : 1. This question contains **15** very short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **20** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **02 (two)** marks.

प्रश्न : (1.1) सत्ता, निवास और वंशावली के आधार पर परिवारों के प्रकार का उल्लेख कीजिए ।
Mention types of family on the basis of authority, residence and ancestry.

प्रश्न : (1.2) संस्कृति से आप क्या समझते हैं ?
What do you understand by culture ?

प्रश्न : (1.3) धर्म की सामाजिक भूमिका पर दुर्खीम के विचार लिखिए ।
Write the views of Durkheim on social role of religion.

प्रश्न : (1.4) भारत में किस वर्ष घरेलू हिंसा को आपराधिक घटना माना गया ? क्या घरेलू हिंसा पर कोई कानून है ?
In which year in India domestic violence was recognized criminal offence ? Is there any law on domestic violence ?

प्रश्न : (1.5) ब्रिटिश काल में भारतीय आधुनिकीकरण की दो महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।
Mention two important features of Indian modernization during the British period.

प्रश्न : (1.6) मादक द्रव्य के खतरे को रोकने के लिए कौन-सा कानून है और यह क्या प्रतिबंधित करता है ?
To curb the menace of drug abuse which Act is there and what it prohibits ?

प्रश्न : (1.7) नगरवाद से क्या तात्पर्य है ?
What is meant by Urbanism ?

प्रश्न : (1.8) पंचायती राज के कोई चार महत्त्वपूर्ण प्रकार्यों का उल्लेख कीजिए ।
Mention any four important functions of Panchayati Raj.

प्रश्न : (1.9) नगर नियोजन की आवश्यकता क्यों है ?
Why urban planning is required ?

प्रश्न : (1.10) विकास और सामाजिक संरचना के मध्य क्या सम्बन्ध है ?
What is the relationship between development and social structure ?

प्रश्न : (1.11) एम.एन. श्रीनिवास के अनुसार पश्चिमीकरण से क्या तात्पर्य हैं ?
What is meant by Westernization according to M.N. Sriniwas ?

प्रश्न: (1.12) प्रजनन और मृत्युदर से आप क्या समझते हैं ?
What do you understand by fertility and mortality rate ?

प्रश्न: (1.13) मजूमदार और मदन के अनुसार संगोत्र (नातेदारी) की संज्ञाऐं क्या हैं ?
What are the kinship terms according to Majumdar and Madan ?



[P.T.O.

प्रश्न : (1.14) 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम में महिलाओं के लिए क्या प्रावधान हैं ?
What provisions are there in 73rd Constitutional Amendment Act for women ?

प्रश्न : (1.15) भगोरिया नृत्य के बारे में आप क्या जानते हैं ?
What do you know about Bhagoria dance ?

प्रश्न : 2. इस प्रश्न में **10** लघुत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **60** शब्द होगी । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **07 (सात)** अंकों का है । **(10×7=70)**

Que. : 2. This question contains **10** short answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **60** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **07 (seven)** marks.

प्रश्न : (2.1) वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भरणपोषण के लिये भारत में सरकारी प्रावधान पर टिप्पणी लिखिये ।
Write a short note on the Governmental provisions for the welfare and maintenance of senior citizens in India.

प्रश्न : (2.2) संस्कृति संक्रमण या पर-संस्कृति-ग्रहण की दशाऐं समझाइये ।
Explain the conditions of acculturation.

प्रश्न : (2.3) ''सहिष्णुता भारतीय समाज का प्रमुख लक्षण है'' । समझाइए ।
"Tolerance is the key of Indian society". Explain.

प्रश्न : (2.4) आधुनिक शिक्षा ने धर्म निरपेक्षीकरण को किस प्रकार प्रभावित किया है ?
How does modern education influence secularization ?

प्रश्न : (2.5) ऑगबर्न और निमकॉफ ने ग्रामीण समुदाय के उद्विकास के कितने स्तर स्पष्ट किए हैं ? चर्चा कीजिये ।
How many stages of rural community evolution have Ogburn and Nimkoff identified ? Discuss.

प्रश्न : (2.6) वर्गीय चेतना व नगरीकरण को समझाइए ।
Explain the class consiousness and urbanization.

प्रश्न : (2.7) शिक्षा के उत्तर आधुनिक परिप्रेक्ष्य पर रॉबिन उशर व रिचर्ड एडवर्डस की पुस्तक 'उत्तर आधुनिक वाद व शिक्षा' में शिक्षा के भविष्य के सम्बन्ध में कौन-सी चार संभावनाओं का उल्लेख किया है ?
Write four possibilities mentioned by Robin Usher and Richard Edwards in their book 'Post Modernism and Education' about the future of education.

प्रश्न : (2.8) औद्योगीकरण के फलस्वरूप समाज की आंतरिक संरचना के परिवर्तन को समझाइए ।
Explain the changes in the internal structure of society resulting from Industrialization.

प्रश्न : (2.9) भारत सरकार के सामुदायिक विकास मंत्रालय द्वारा सामुदायिक विकास योजना के प्रमुख उद्धेश्य कौन-से निर्धारित किए गए हैं ? चर्चा कीजिये ।
What are the major objectives of the community development programme have been determined by the Ministry of Community Development of the Government of India ? Discuss.

प्रश्न : (2.10) मालवा क्षेत्र की लोकचित्र कला पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।
Write a short note on the folk painting art of Malwa region.

प्रश्न : 3. इस प्रश्न में **05** दीर्घ उत्तरीय उप-प्रश्न हैं । **प्रत्येक** प्रश्न के उत्तर हेतु आदर्श शब्द सीमा **200** शब्द है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **10 (दस)** अंकों का है । **(5×10=50)**

Que. : 3. This question contains **05** long answer type sub-questions. Answer **each** question ideally in **200** words. **All** questions are **compulsory**. **Each** question carries **10 (ten)** marks.

प्रश्न : (3.1) भारतीय सामाजिक संरचना में नातेदारी की भूमिका एवं महत्व समझाइए ।
Explain the role and significance of kinship in the Indian social structure.

**अथवा**/OR

जाति व्यवस्था में गतिशीलता के बदलने प्रतिमानों की व्याख्या कीजिये ।
Describe the changing mobility pattern in the caste system.

प्रश्न : (3.2) भारत में भाषाई विविधता को समझाइए ।
Explain the linguistic diversity in India.

**अथवा**/OR

घरेलू हिंसा का अर्थ एवं महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने के उपाय लिखिए ।
Write meaning of domestic violence and measures to check the violence against women.

प्रश्न : (3.3) परम्परागत भारतीय ग्रामीण समुदाय में परिवर्तन पर एक लेख लिखिए ।
Write an Article on the change in traditional Indian Rural Community.

**अथवा**/OR

ग्रामीण-नगरीय सातत्य क्या है ? चर्चा कीजिये ।
What is rural-urban continuum ? Discuss.

प्रश्न : (3.4) भारत में जनाधिक्य के प्रमुख कारण कौन-से हैं ? चर्चा कीजिये ।
What are the main causes of over population in India ? Discuss.

**अथवा**/OR

"शिक्षा सामाजिक गतिशीलता का प्रमुख अभिकरण है ।" समझाइए ।
"Education is the key agent of social mobility." Explain.

प्रश्न : (3.5) राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत, उच्चतर शिक्षा नियामक संस्था की व्याख्या कीजिये ।
Explain Higher Education Niyamak Institution in National Education Policy – 2020.

**अथवा**/OR

बालश्रम क्या है ? बालश्रम उन्मूलन हेतु नीतिगत प्रयासों की विवेचना कीजिए ।
What is child labour ? Explain the policy efforts to abolise child labour.

---